स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 13.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम भिलाई के महापौर परिषद् ने 46 कम्प्युटर ऑपरेटरों की सेवा 1 वर्ष अवधि हेतु रखे जाने के प्रस्ताव पर कौशल परीक्षा आयोजित कर चयन प्रक्रिया अपनाने की शर्तों के साथ निविदा जारी करने की स्वीकृति प्रदान किया है।

प्रभारी महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद् की बैठक में प्रस्तुत एक प्रस्ताव पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 1 वर्ष अवधि के लिए 46 कम्प्युटर ऑपरेटर की सेंवाएं प्राप्त करने जिस पर होने वाले अनुमानित वित्तीय व्यय 66 लाख 24 हजार रुपये के व्यय की स्वीकृति प्रदान करते हुए आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा निविदा शर्तों में इस बात का उल्लेख करने का सुझाव दिया कि जो ऑपरेटर निगम में एजेंसी के माध्यम से लिये जायेंगे उनकी नियुक्ति से पूर्व ऑपरेटरों को निगम द्वारा आयोजित कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। जिस पर परिषद् के सदस्यों ने आयुक्त द्वारा दिये गये सुझाव को निविदा शर्तों में शामिल कर निविदा अनुमोदन करते हुए निविदा आमंत्रित करने की अनुमति प्रदान किया है।

बैठक में लक्ष्मीपति राजू, केशव बंछोर, दुर्गा प्रसाद साहू, नरेश कोठारी, डॉ. दीवाकर भारती, जोहन सिन्हा, श्रीमती सुभद्रा सिंह, सुर्यकान्त सिन्हा, श्रीमती सुशीला देवांगन, सदीरन बानो, आयुक्त के0एल0 चौहान, कार्यपालन अभियंता बी0के0 देवांगन, सचिव जीवन वर्मा उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी